# NCERT Solutions For Class 10 Hindi (Kshitij)

## CH 6 – संगतकार – मंगलेश डबराल

**1. संगतकार के माध्यम से कवि किस प्रकार के व्यक्तियों की ओर संकेत करना चाह रहा है?**

**उत्तर:** संगतकार के माध्यम से कवि उन लोगों के बारे में कहना चाह रहा है जो किसी सफल व्यक्ति का साथ पर्दे के पीछे रहकर देते हैं। यह सफलता में भागीदार तो होते हैं परंतु यह नजर नहीं आते। एक अच्छे गायक के साथ अच्छे वाले कलाकार संगीतकार अन्य लोग भी शामिल होते हैं परंतु उन्हें श्रेय कभी नहीं जाता है।

**2. संगतकार जैसे व्यक्ति संगीत के अलावा और किन-किन क्षेत्रों में दिखाई देते हैं?**

**उत्तर:** संगतकार जैसे व्यक्ति संगीत के अलावा और बहुत सारी क्षेत्रों में दिखाई देते हैं जैसे सिनेमा के क्षेत्र में भवन निर्माण के क्षेत्र में इत्यादि। सिनेमा के क्षेत्र में फिल्में अनेकों सह कलाकार होते हैं। भवन निर्माण क्षेत्र में मजदूर जो भवन का निर्माण करते हैं।राजनीति के क्षेत्र में चुनाव में जीत केवल उम्मीदवार की ही होती है, परंतु उसे विजयी बनाने में छोटे नेताओं के आलावा चुनावी चंदा देने वाले, प्रचार करने वाले जैसे बहुत लोगों का योगदान होता है। सिनेमा के क्षेत्र में फ़िल्म को सफल बनाने में अनगिनत लोगों का योगदान होता है।

**3. संगतकार किन-किन रूपों में मुख्य गायक-गायिकाओं की मदद करते हैं?**

**उत्तर:** गाना गाते समय यदि गायक गायिका का स्वर भारी हो तो संगत का अपनी आवाज से उस में मधुरता भर देते हैं। गायन करते समय मुख्य गायक गायिका अंतरिक्ष जटिलता में जब खो जाते हैं तो उसके स्थाई स्वरूप को संभालते हुए गायन करते रहते हैं। गायन करते समय जब मुख्य गाय गाय का अपनी लय से भटक जाते है तो उस भटकाव को संगतकार द्वारा संभाला जाता है।

**4. भाव स्पष्ट कीजिए:**

**और उसकी आवाज़ में जो एक हिचक साफ़ सुनाई देती है।**
**या अपने स्वर को ऊँचा न उठाने की जो कोशिश है।**
**उसे विफलता नहीं।**
**उसकी मनुष्यता समझा जाना चाहिए।**

**उत्तर:** पंक्तियों के भाव से यह स्पष्ट है कि संगतकार स्वयं ही अपने स्वर को मुख्य गायक के स्वर से ऊंचा नहीं होने देते हैं यह संगतकार द्वारा अपनी प्रतिभा का त्याग का प्रतीक है जो योग्य और सामर्थ्य होने पर भी मुख्य गायक की सफलता में बाधक नहीं बनता है और मानवता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करता है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**5. किसी भी क्षेत्र में प्रसिद्धि पाने वाले लोगों को अनेक लोग तरह-तरह से अपना योगदान देते हैं। कोई एक उदाहरण देकर इस कथन पर अपने विचार लिखिए।**

**उत्तर:** किसी भी क्षेत्र में प्रसिद्धि पाने वाले लोगों को अनेक लोग अलग अलग तरीके से योगदान देते हैं। मुख्य गायिका जब प्रसिद्धि प्राप्त करते हैं तो उसमें सिर्फ उनके लिए प्रसिद्ध शामिल नहीं होती उनके साथ कार्य करने वाले लोग जैसे कि एक संगीत निर्देशक गीतकार तकनीकी सॉन्ग डालने वाले वाद्य यंत्र बजाने वाले संगीतकार निर्माता का महत्वपूर्ण हाथ होता है। जब तक इन लोगों का सहयोग प्राप्त ना हो तो गायक या गाय का अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन नहीं कर सकते हैं इन्हीं सबके सहयोग द्वारा सफलता के शिखर तक वह पहुंच पाते हैं।

**6. कभी-कभी तारसप्तक की ऊँचाई पर पहुँचकर मुख्य गायक का स्वर बिखरता नज़र आता है उस समय संगतकार उसे बिखरने से बचा लेता है। इस कथन के आलोक में संगतकार की विशेष भूमिका को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर:** तार सप्तक में गायन करते समय मुख्य गायक या गाय का का स्वर जब ऊंचाई तक पहुंच जाता है जिसके कारण स्वर्ग के टूटने का आभास होने लगता है उनकी आवाज बिखरने लगती है इसी कारण में अपने कंठ से धनी का विस्तार करने में कमजोर हो जाता है। तब संगतकार उसके पीछे मुख्य भूमिका उधर आता है उसके स्वर में स्वर मिलाकर गाता है जिससे मैं अपनी आवाज द्वारा मुख्य गायक के बिखराव को संभाल लेता है।

**7. सफलता के चरम शिखर पर पहुँचने के दौरान यदि व्यक्ति लड़खड़ाता है तब उसे सहयोगी किस तरह सँभालते हैं?**

**उत्तर:** सफलता के शिखर पर पहुंचकर यदि व्यक्ति लखन आने लगता है तो उसके सहयोगी अपने सुझाव द्वारा उसके कदमों को नई दिशा देते हैं उसके मनोबल को बढ़ाते हैं उसके मनोबल को बढ़ाकर उसे संभाल लेते हैं तथा उस का मार्गदर्शन करते हैं। खोई हुई आत्मशक्ति को इकट्ठा करके फिर से उससे उठने की हिम्मत देते हैं मैं उसकी प्रेरणा स्त्रोत बन उसके जीवन में नया संबल बनते हैं।

**रचना और अभिव्यक्ति**

**प्रश्न 8. कल्पना कीजिए कि आपको किसी संगीत या नृत्य समारोह का कार्यक्रम प्रस्तुत करना है लेकिन आपके सहयोगी कलाकार किसी कारणवश नहीं पहुँच पाए**

**(क) ऐसे में अपनी स्थिति का वर्णन कीजिए।**

**(ख) ऐसी परिस्थिति का आप कैसे सामना करेंगे?**

**उत्तर-**

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(क) संगीत या नृत्य के कार्यक्रम में सहयोगी कलाकारों के न पहुँच पाने से मैं परेशान हो जाऊँगा। उनके न पहुँचने के कारणों का पता करूंगा। यथासंभव उन्हें बुलाने का प्रयास करूंगा। यदि वे नहीं आ सकेंगे तो मैं आयोजक को सारी बातें बताकर उनसे कहूँगा कि अपने स्तर से अन्य सहयोगी कलाकारों की व्यवस्था कराने का कष्ट करें ताकि मैं प्रस्तुति दे सकें।
(ख) ऐसी स्थिति का सामना करने के लिए मैं आयोजकों एवं श्रोताओं के सामने सारी बात साफ़-साफ़ स्पष्ट कर दूंगा। और रिकार्डेड गीतों पर नृत्य प्रस्तुत करके बाँधे रखने का प्रयास करूंगा।

**प्रश्न 9. आपके विद्यालय में मनाए जाने वाले सांस्कृतिक समारोह में मंच के पीछे काम करने वाले सहयोगियों की भूमिका पर एक अनुच्छेद लिखिए।**
**उत्तर**- सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सफलता में सहायक लोगों की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण होती है। इनके सहयोग के बिना कार्यक्रम की सफलता की कल्पना करना भी बेमानी है। ये सहायक लोग ही कार्यक्रम के लिए आवश्यक वस्तुओं को एकत्र करते हैं, साज-सज्जा में विशेष योगदान देते हैं। वे अतिथियों के बैठने की व्यवस्था सँभालते हैं। मंच पर प्रकाश का उचित प्रबंध करते हैं। परदे के पीछे कुछ लोग रिकॉर्डिंग समय पर बजाकर कलाकारों की मदद करते हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करते हैं।

**प्रश्न 10. किसी भी क्षेत्र में संगतकार की पंक्ति वाले लोग प्रतिभावान होते हुए भी मुख्य यो शीर्ष स्थान पर क्यों नहीं पहुँच पाते होंगे?**
**उत्तर**- किसी भी क्षेत्र में संगतकार की पंक्ति वाले लोग प्रतिभावान होते हुए भी मुख्य या शीर्ष स्थान पर इसलिए नहीं पहुँच पाते है, क्योंकि

- प्रतिभावान होकर भी वे मुख्य कलाकार से अलग होकर प्रस्तुति देने का हौंसला नहीं कर पाते हैं।
- उन्हें शीर्ष स्थान पर पहुँचने तथा वहाँ बने रहने में संदेह रहता है।
- आर्थिक समस्याएँ उनके मार्ग में बाधक बनती हैं।
- उनमें से कुछ लोग स्वयं को भाग्य के हवाले कर देते हैं कि किस्मत में होगा तो शीर्ष स्थान हासिल कर लेंगे।
- ऐसे लोगों को उचित अवसर एवं सहयोग नहीं मिल पाता है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in